उत्तरांचल विधान सभा

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची

## मंगलवार 26 अग्रहायण, शक संवत्, 1924
**( दिनांक : 17 दिसम्बर, 2002 )**

**समय : 11 : 00 बजे पूर्वाहन्**

1. प्रश्न (देखिये नत्थी "क")।

2. निधन के निदेश।

3. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

4. श्री विपिन चन्द्र त्रिपाठी, सदस्य, विधान सभा, "जनपद अल्मोड़ा के द्वाराहाट, विमाण्डेश्वर ईडा मोटर मार्ग के डामरीकरण के सम्बन्ध में" श्री देब सिंह अधिकारी एवं श्री पुष्पेश त्रिपाठी आदि निवासीगण, जनपद अल्मोड़ा द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

5. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के रवांई क्षेत्र को पृथक जनपद बनाने के सम्बन्ध में" श्री भगवती प्रसाद भद्री एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

6. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में विज्ञान संकाय खोलने विषयक" श्री शशि मोहन एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

7. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के विकास खण्ड चिन्यालीसौड़ को तहसील बनाये जाने के सन्दर्भ में" श्री राकेश सेमवाल एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री प्रीतम सिंह पंवार, सदस्य, विधान सभा, "जनपद उत्तरकाशी के चामी सिगुणी-नौगांव, गोडर-सुल्याखोल मोटर मार्ग का निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री कुशलानन्द एवं अन्य निवासीगण जनपद उत्तरकाशी द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

10. माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

11. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

12. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियाँ और पेंशन) (द्वितीय उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

13. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (सदस्यों की उपलब्धियाँ और पेंशन) (द्वितीय उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 को पुरःस्थापित करेंगे।

14. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

15. निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुत किया जाना :-

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
|---|---|
| 1. श्री प्रकाश पंत,<br>2. श्री बिशन सिंह चुफाल,<br>3. श्री मदन कौशिक,<br>4. श्री अजय भट्ट,<br>5. श्री हरभजन सिंह चीमा, | "यह सदन उत्तरांचल आयुर्विज्ञान परिषद् अध्यादेश, 2002 का अननुमोदन करता है।" |

16. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल आयुर्विज्ञान परिषद् विधेयक, 2002 पर विचार किया जाय (समय निर्धारित - आधा घण्टा)।

17. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल आयुर्विज्ञान परिषद् विधेयक, 2002 पारित किया जाय।

18. निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुत किया जाना :-

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
|---|---|
| 1. श्री मातबर सिंह कण्डारी,<br>2. श्री मदन कौशिक<br>3. श्रीमती विजय बडथ्वाल<br>4. श्री अजय भट्ट,<br>5. श्री हरभजन सिंह चीमा, | "यह सदन उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) अध्यादेश, 2002 का अननुमोदन करता है।" |

....3/....

19. आबकारी मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) विधेयक, 2002 पर विचार किया जाय (समय निर्धारित - आधा घण्टा)।

20. आबकारी मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तरांचल (उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1910) (संशोधन) विधेयक, 2002 पारित किया जाय।

21. निम्नलिखित संकल्प का प्रस्तुत किया जाना :-

| प्रस्तावक का नाम | संकल्प |
|---|---|
| 1. श्री प्रकाश पंत,<br>2. श्री मदन कौशिक,<br>3. श्री हरबंस कपूर, | "यह सदन भारतीय स्टाम्प (उत्तरांचल संशोधन) अध्यादेश, 2002 का अननुमोदन करता है।" |

22. मुख्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि भारतीय स्टाम्प (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 पर विचार किया जाय (समय निर्धारित - आधा घण्टा)।

23. मुख्य मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि भारतीय स्टाम्प (उत्तरांचल संशोधन) विधेयक, 2002 पारित किया जाय।

24. नियम-51 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

**आज्ञा से,**

**देहरादूनः**
**दिनांक : 17 दिसम्बर, 2002**

**( महेश चन्द्र )**
**सचिव।**

उत्तरांचल विधान सभा

तृतीय सत्र, 2002 का
प्रथम मंगलवार

# उत्तरांचल विधान सभा
# की कार्यसूची
## मंगलवार, 26 अग्रहायण, शक संवत्, 1924
(दिनांक : 17 दिसम्बर, 2002)

नत्थी ( क )

**तारांकित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>29.07.2002 | *1. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के यमकेश्वर विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत उच्चा कोट पेयजल पम्पिंग योजना पर कितना धन खर्च हुआ है? क्या यह सत्य है कि गंगा नदी पर बना इनटेक वैल का उपयोग नही किया जा रहा है तथा योजना के अन्तर्गत जिन गांवों को लिया गया था क्या सभी में जलापूर्ति हो रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री हरबंस कपूर<br>29.07.2002<br>श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>19.08.2002 | *2. क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में पोलीथीन के प्रयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | पर्यावरण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>02.08.2002 | *3. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार विकास प्राधिकरणों द्वारा मानचित्रों को स्वीकृत कराने हेतु तथा विकास शुल्क की न्यायोचित दरें निर्धारित करने हेतु सरल प्रक्रिया अपनाने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | 10वें सोम के तारा. 1 में स्था0 |
| डा. नारायण सिंह जंतवाल<br>02.08.2002 | *4. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नैनीताल शहर में वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण प्रसिद्ध नैनीझील के लिए खतरा उत्पन्न हो गया है? यदि हाँ, तो क्या सरकार वाहनों के दबाव को कम करने के लिए बल्दियाखान-खूर्पाताल बाइपास का निर्माण करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>03.08.2002 | *5. क्या ग्राम्य विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत जो कार्य मेगाटेक कम्पनी को दिए गये हैं क्या उनके पास तकनीकी क्वालिटी, टी.एन.पी. क्षमता हैं? उनके चयन का आधार क्या है? क्या मेगाटेक कम्पनी का आंकलन किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |

| | | |
|---|---|---|
| श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत<br>23.08.2002 | *13. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद देहरादून में रिलायन्स टेलीनेट द्वारा टेलिफोन लाईन बिछाने के लिए जो रोड कटिगं की जा रही है, उसकी विभाग से अनुमति ली गई हैं? यदि नहीं, तो क्यों? यदि हाँ, तो विभाग को किस हिसाब से उसका भुगतान किया जा रहा है? | लोक निर्माण |
| श्री गोपाल सिंह राणा<br>08.10.2002 | *14. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि कुमायूँ मण्डल को उत्तरांचल की राजधानी देहरादून से जोड़ने हेतु उत्तरांचल की सीमा के अन्दर सीधे सड़क निर्माण की कोई योजना है? यदि हाँ, तो निर्माण कार्य कब तक शुरू हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |

## द्वितीय सत्र, 2002 के प्रथम मंगलवार को स्थगित

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>24-05-2002 | 1. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि निम्बूवाला, कौलागढ में उ0प्र0 जल निगम द्वारा निर्मित जलाशय की जल वितरण पाइप लाईन निर्धारित मानकों के अनुरूप न होने के कारण वितरण हेतु उपलब्ध पेय़जल का लाभ जनता को नही मिल पा रहा है? यदि हाँ, तो क्या मंत्री जी वर्तमान में डाली गई पाईप लाईन के स्थान पर दूसरी पाईप लाईन डालेंगे और पूर्व में डाली गई घटिया पाइप लाईन के लिए दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करेंगे? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रकाश पंत<br>20-05-2002 | 2. क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रथम विधान सभा के गठन के पश्चात् मंत्री आवासों, मुख्यमंत्री आवास तथा सचिव आवासों में विभिन्न मदों मे कितनी धनराशि व्यय की गयी है? क्या सुसज्जित आवासों में वर्तमान में भी पुनर्रक्षण तथा सज्जा का कार्य चल रहा है? यदि हाँ, तो इन कार्यो का अनुमानित व्यय कितना है? | राज्य सम्पत्ति |

| | | |
|---|---|---|
| श्री कुँवर प्रणव सिंह "चैम्पियन" 30.07.2002 | 8. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के लक्सर नगर क्षेत्र हेतु द्वितीय चरण पेयजल योजना के अन्तर्गत पानी की टंकी एवं अन्य उपकरण लगाने की शासन की कोई योजना है? यदि हाँ, तो उसका प्रारूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मदन कौशिक 31.07.2002 | 9. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि वर्षाकाल में राजमार्गों को क्षतिग्रस्त होने से बचाने के लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगी कि इस वर्ष वर्षा से कितने राजमार्ग क्षतिग्रस्त हुए? क्या उनकी मरम्मत का कार्य हो रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 31.07.2002 | 10. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल जल निगम का गठन न होने के क्या कारण हैं? क्या सरकार जल निगम का गठन शीध्र करने जा रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार 01.08.2002 | 11. क्या सिंचाई मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के स्यांसू नामक स्थान पर निर्माणाधीन 39 मी0 स्पैन के हल्का वाहन पुल के दोनों ओर के स्तम्भों की मिट्टी पत्थर इत्यादि की भूगर्भीय जांच की गई है? यदि नहीं, तो क्यों? | प्रथम बुध के अता.67 में स्था0 |
| श्री मदन कौशिक 02.08.2002 | 12. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पालिका क्षेत्रों में इंडिया मार्का हेन्डपम्प लगाने की सरकार की नीति क्या है? क्या इसका पालन किया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री अजय भट्ट 02.08.2002 | 13. क्या सूचना मंत्री को ज्ञात है कि हाल ही में सूचना विभाग में दो चालक एवं दो कम्प्यूटर आपरेटर विभाग द्वारा संविदा पर रखे गये हैं? यदि हाँ, तो क्या ये नियुक्तियां नियमानुसार हैं? | सूचना |
| श्री अजय भट्ट 02.08.2002 | 14. क्या सूचना मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि प्रदेश में किन-किन जिला सूचनाधिकारियों के लिए वाहन क्रय किये गये हैं? क्या सूचनाधिकारी पिथौरागढ़ के लिए भी कोई वाहन क्रय किया गया है? यदि हाँ, तो उस वाहन का प्रयोग कहाँ किया जा रहा है? | सूचना |
| श्रीमती आशा नौटियाल 02.08.2002 | 15. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत रा0इ0का0 गणेश नगर को मोटर मार्ग से जोडने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त विद्यालय को मोटर मार्ग से जोड़ दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी 02.08.2002 | 16. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग की ग्राम सभा गीड़ तिलवाडा में ट्राईसेम प्रशिक्षण केन्द्र का सदुपयोग हो रहा है? यदि नहीं, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |

डा. नारायण सिंह जतंवाल
03.08.2002

24. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में विकास कार्यक्रमों के अनुश्रवण एवं अनुसरण हेतु मण्डल में संयुक्त विकास आयुक्त के पदों को समाप्त कर दिया गया है? यदि हाँ, तो क्यों?

**ग्राम्य विकास**

श्रीमती आशा नौटियाल
03.08.2002

25. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि यात्रा एवं पर्यटन के विकास की दृष्टि से गुप्तकाशी चोपला गोपेश्वर मोटर मार्ग को सीमा सड़क संगठन में शामिल किये जाने सम्बन्धी कोई प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया है? यदि हाँ, तो कब से उक्त मोटर मार्ग सीमा सड़क संगठन के अधीन कार्य करेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
05.08.2002

26. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली के विकास खण्ड धाट के अन्तर्गत नन्दप्रयाग वेरासकुण्ड वाहन मार्ग कुल कितने कि0मी0 स्वीकृत है तथा निर्माण कार्य की प्रगति क्या है?

**लोक निर्माण**

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
05.08.2002

27. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली के घिरपाक काण्डई मोटर मार्ग के कि0मी0 14 से 18 में वन भूमि वृक्षारोपण का कुल कितना भुगतान शेष है तथा यह भुगतान कब तक किया जायेगा?

**लोक निर्माण**

श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट
05.08.2002

28. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली के घिरपाक काण्डई बैरासकुण्ड वाहन मार्ग के 3 एवं 4 कि0मी0 में पुनरीक्षित स्वीकृति विभाग को प्रदान कर दी गयी है? यदि हाँ, तो कब? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री मदन कौशिक
05.08.2002

29. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने की कृपा करेंगी कि हरिद्वार में ज्वालापुर में उपरिगामी रेलवे क्रासिंग (ओवर ब्रिज) निर्माण की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उसका निर्माण कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री अनिल नौटियाल
05.08.2002

30. क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के गैरसैण विकासखण्ड के अन्तर्गत गैरसैण, रोहिडा, नागचुलाखाल मोटर मार्ग पर धारापानी, हरगढ़ आदि ग्राम वासियों को 1976 से संशोधित दरों पर मुआवजा नहीं मिला है? यदि हाँ, तो कब तक उक्त ग्राम वासियों को मुआवजा संशोधित दरों पर दे दिया जायेगा? यदि नही, तो क्यों?

**लोक निर्माण**

श्री अनिल नौटियाल
05.08.2002

31. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चमोली जनपद के गैरसैण विकास खण्ड में कुनीगाड़, भण्डारीखोल, गोगना तल्ला-मल्ला पांण्डवाखाल के लिए विभाग की कोई पेयजल योजना स्वीकृत है? यदि हाँ, तो इस पर कब तक कार्य प्रारम्भ कर दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों?

**पेयजल**

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>07.08.2002 | 41. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली में सुलभ इण्टरनेशनल द्वारा कितने सुलभ शोचालयों का निर्माण किया गया है तथा आगामी वर्ष के लिए कितने प्रस्तावित हैं? | नगर विकास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>07.08.2002 | 42. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड पोखरी के उडामाडा चोपड़ा मोटर मार्ग निर्माण हेतु कितनी धनराशि इस वर्ष अवमुक्त की गयी है तथा निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति रिपोर्ट क्या है? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>07.08.2002 | 43. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के विकासखण्ड घाट ग्राम सभा माणाखी के अन्तर्गत ग्राम तोलना में नन्दाकिनी नदी पर झूलापुल निर्माण की शासन की कोई योजना है? क्या सरकार जनहित में उक्त पुल का निर्माण शीघ्र करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>07.08.2002 | 44. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर जिला पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कांडी एवं चैलूसैण को मोटर मार्ग द्वारा ऋषिकेश से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर गरूडचट्टी-फूलचट्टी नामक स्थानों पर मोटर पुल का निर्माण शीघ्र किया जाएगा? यदि हाँ, तो कब तक प्रस्तावित पुल का निर्माण प्रारम्भ होगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्रीमती आशा नौटियाल<br>08.08.2002 | 45. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद रूद्रप्रयाग के अन्तर्गत पाट्यूँ-बडेथ पेयजल योजना सुचारू रूप से चल रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>08.08.2002 | 46. क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा सुलभ शौचालयों के निर्माण की कोई योजना जनपद चमोली हेतु स्वीकृत है? यदि हाँ, तो कुल कितने शौचालयों का निर्माण किन-किन स्थानों पर किया गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>08.08.2002 | 47. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगी कि जनपद चमोली की नन्दप्रयाग विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत अम्बेडकर गांवों को हल्का वाहन मार्गों से जोडने की स्वीकृति वर्ष 1997 में दे दी गयी थी? यदि हाँ, तो क्या निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>08.08.2002 | 48. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के नन्दप्रयाग विधान सभा क्षेत्र के कितने गांवों में पेयजल का अभाव है? क्या इन ग्रामों में पेयजल आपूर्ति हेतु सरकार द्वारा कोई योजना बनाई जा रही है? यदि हाँ, तो उसका स्वरूप क्या है? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>09.08.2002 | 57. क्या लोक निर्माण मंत्री को जानकारी है कि जनपद चमोली के पोखरी विकास खण्ड के अन्तर्गत शासन द्वारा स्वीकृत 3 कि0मी0 पैडी कुजासू मोटर मार्ग को उत्तरांचल शासन के शासनादेश दिनांक 29.10.2001 द्वारा हल्का वाहन मार्ग का निर्माण रोक दिया गया है? यदि हाँ, तो क्यों? क्या सरकार उक्त मार्ग के निर्माण पर पुनर्विचार करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री अनिल नौटियाल<br>09.08.2002 | 58. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चमोली के कर्णप्रयाग गैरसैंण से रामनगर मोटर मार्ग को राष्ट्रीय राज मार्ग घोषित करने हेतु कोई प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो कब तक इस मार्ग को राष्ट्रीय राज मार्ग घोषित किया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रकाश पंत<br>09.08.2002 | 59. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद चम्पावत तथा जनपद पिथौरागढ़ के कितने मोटर मार्गों में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कार्य चल रहा है? क्या यह सत्य है कि माह जुलाई, 2002 में किसी मोटर मार्ग का निर्माण कार्य रोक दिया गया था? यदि हाँ, तो रोकने के क्या कारण हैं? | ग्राम्य विकास |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>09.08.2002 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री जानकारी देने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के लोक निर्माण विभाग अस्थायी खण्ड घनसाली के अन्तर्गत विनकखाल कल्दी हल्का वाहन मार्ग अब तक कितने कि0मी0 तक वाहन चलाने योग्य बन चुका है? यदि नहीं, तो मार्ग न बनने के कारण क्या हैं? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>09.08.2002 | 61. क्या लोक निर्माण मंत्री जानकारी देने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के लोक निर्माण विभाग अस्थायी खण्ड घनसाली के अन्तर्गत लम्बगांव कोटालगांव चमियाला मोटर मार्ग निर्माण कितने वर्षों से लम्बित हैं? इस मार्ग को पूर्ण रूप से बनाने हेतु सरकार की कोई योजना है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>09.08.2002 | 62. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के लोक निर्माण विभाग अस्थायी खण्ड घनसाली के अन्तर्गत सेन्दुल-पट्डगांव मोटर मार्ग को कब तक वाहन चलाने लायक बना दिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>09.08.2002 | 63. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत लोक निर्माण विभाग अस्थायी खण्ड घनसाली के छतियारा खवाड़ा निमार्णधीन मोटर मार्ग की क्या प्रगति है तथा इस मार्ग का कब तक वाहन चलाने योग्य बना दिया जायेगा? | लोक निर्माण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री प्रकाश पंत<br>14.08.2002 | 71. | क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2002-2003 में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत कितने मोटर मार्गों का निर्माण किया जा रहा है? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि भारत सरकार से उक्त निर्माण के सापेक्ष कितनी धनराशि प्राप्त हो चुकी है? | ग्राम्य विकास |
| श्री प्रकाश पंत<br>14.08.2002 | 72. | क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ की नगर पालिका परिषद् में सफाई कर्मचारियों द्वारा अपने आवास निर्माण हेतु समय-समय पर मांग उठाई जाती रही है? यदि हाँ, तो क्या सफाई कर्मियों के आवास निर्माण हेतु सरकार परिषद् को निर्देशित करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री प्रकाश पंत<br>16.08.2002 | 73. | क्या नगर विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि नगर पालिका परिषद् पिथौरागढ़ में विगत दिनों चलाये गये अतिक्रमण हटाओ अभियान से समस्त मार्ग तथा नालियाँ क्षतिग्रस्त हो गयी हैं? यदि हाँ, तो क्या क्षतिग्रस्त मोटर मार्गों, लिंक मार्गों तथा नालियों का निर्माण इसी वित्तीय वर्ष में करवा लिया जायेगा? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री प्रकाश पंत<br>16.08.2002 | 74. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ़ में अस्कोट से टनकपुर तथा झूलाघाट से अल्मोड़ा तक पैदल मार्गों के संरक्षण हेतु वर्ष 2001-2002 तथा वर्ष 2002-2003 में कितनी धनराशि व्यय की गयी तथा वर्तमान में इन मार्गों की स्थिति क्या है? | लोक निर्माण |
| कुँवर प्रणव सिंह "चैम्पियन"<br>16.08.2002 | 75. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के लक्सर लण्ढौरा रूड़की मार्ग एवं कनखल-लक्सर-खानपुर-पुरकाज़ी मार्ग को आगामी अर्धकुम्भ के बजट से अनुरक्षित/सुदृढ़ीकृत किया जाएगा? यदि नहीं, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17.08.2002 | 76. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पेयजल हेतु निजी स्थापित हैण्ड पम्पों तथा नलकूपों के स्वामियों से गढ़वाल तथा कुमाऊँ जल संस्थान द्वारा जलकर/जल मूल्य वसूल किया जाता है? यदि हाँ, तो यह जलकर/जल मूल्य क्यों लिया जाता है? क्या सरकार इस गैर कानूनी वसूली को रोकेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>17.08.2002 | 77. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला योजना में स्वीकृत मोटर मार्गो के निर्माण हेतु सरकार की नीति के अनुसार सर्वप्रथम दो फुट सड़क काटने एवं भूमि का मुआवजा दिलाने की व्यवस्था की गयी है? यदि हाँ, तो सड़क काटने के उपरान्त सड़क का निर्माण कितने समय में किया जायेगा? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>19.08.2002 | 84. क्या पेयजल मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी के अन्तर्गत प्रतापनगर विकासखण्ड पेयजल योजना ग्वाड़, पेयजल योजना माजफ, पेयजल योजना मुखेम, पेयजल योजना खराला (ओनाल गांव) का निर्माण क्रमशः कब प्रारम्भ हुआ और इनकी वर्तमान स्थिति क्या है इन पर क्रमशः कितनी धनराशि व्यय हुई है? क्या इन योजनाओं पर धन का दुरूपयोग हुआ है? यदि हाँ, तो क्या सरकार इन सभी योजनाओं की जांच करा कर दोषियों को सजा दिलायेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री प्रेमानन्द महाजन<br>20.08.2002 | 85. क्या नगर विकास मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में कितनी नगर पंचायतों द्वारा किए गए त्रुटिपूर्ण निर्माण कार्यों की जांच मजिस्ट्रेट द्वारा करायी गयी है? ऊधमसिंह नगर की नगर पंचायत दिनेशपुर की जांच रिपोर्ट के बिन्दु क्या है? क्या मंत्री महोदय उस रिपोर्ट की प्रति सदन में प्रस्तुत करने का कष्ट करेंगे? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री महेन्द्र प्रसाद भट्ट<br>20.08.2002 | 86. क्या वन मंत्री बतलाने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में वन विभाग के अन्तर्गत जिला स्तर के वन अधिकारियों के कुल कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार इन रिक्त पदों पर नियुक्तियाँ करने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों? | वन |
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>20.08.2002 | 87. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल विकास खण्ड प्रतापनगर कोरदी भरपूर पेयजल योजना कब से जलनिगम के पास निर्माणाधीन है? क्या सरकार ग्राम वासियों को शीघ्रातिशीघ्र पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कार्यवाही करेगी? यदि नहीं, तो क्यों? | पेयजल |
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>20.08.2002 | 88. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत (1) लम्बगांव कोटालगांव चमियाला (2) लम्बगांव बिजपुर पनियाला (3) लम्बगांव प्रतापनगर (4) कौडार दीनगांव मुखेम, (5) सेरा मुखेम (6) सेरा मुखेम दो पुलों सहित (7) कौडार दिनगांव मुखेम कि0मी0 10 तक 8 अम्बेदकर भेलुन्ता (9) अम्बेदकर खोला 10 कौडार दीनगांव मुखेम हल्का वाहन के (सभी मोटर व हल्का वाहन मार्ग) पुनरीक्षित आगणन की स्वीकृति के अभाव में निर्माण में लम्बित है? यदि हाँ, तो लम्बित सभी पुनरीक्षित आगणन कब तक स्वीकृत होंगे? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री फूल सिंह बिष्ट<br>20.08.2002 | 89. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के अन्तर्गत सिराखोली भैतालखाल मोटर मार्ग कार्य किन कारणों से रूका हुआ है? क्या सरकार जनहित में इस मोटर मार्ग का निर्माण शीघ्र कराये जाने पर विचार करेगी? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>24.08.2002 | 97. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में विगत 10 अगस्त, 2002 को बादल फटने से बूढ़ाकेदार-कोट-विशन-धण्डियाल सौड़-तितरूणा हल्का वाहन मार्ग को कितनी क्षति होने का अनुमान है? क्या सरकार उक्त वाहन मार्ग की अविलम्ब मरम्मत करायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>24.08.2002 | 98. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल में दिनांक 01 अगस्त, 2002 को बादल फटने से बूढ़ाकेदार-बेलक हल्का वाहन मार्ग में कितने करोड़ रूपये की क्षति होने का अनुमान है ? क्या सरकार उक्त वाहन मार्ग को ठीक करवायेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री बलबीर सिंह नेगी<br>24.08.2002 | 99. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि 10 अगस्त, 2002 को जनपद टिहरी गढ़वाल के बूढ़ाकेदार क्षेत्र में बादल फटने से लोक निर्माण विभाग के कितने गार्डर ब्रिज क्षतिग्रस्त हुए हैं? उक्त क्षतिग्रस्त गार्डर ब्रिजों की अविलम्ब निर्माण की सरकार की कोई कार्य योजना है? यदि हाँ, तो क्या? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>26.08.2002 | 100. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तरांचल में उत्तर प्रदेश निर्माण निगम की तर्ज पर उत्तरांचल निर्माण निगम पुर्नगठित किये जाने की कोई योजना शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो उक्त निगम का कब तक गठन कर लिया जायेगा? यदि नही, तो क्यों? | लोक निर्माण |
| श्री प्रकाश पंत<br>26.08.2002 | 101. क्या नगर विकास मंत्री को जानकारी है कि नगर पालिका परिषद् पिथौरागढ के कर्मचारियों में वेतन विसंगतियों के कारण अंसतोष व्याप्त हैं? क्या सरकार इन वेतन विसंगतियों को दूर करेगी? यदि हाँ, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों? | नगर विकास |
| श्री मातबर सिंह कण्डारी<br>26.08.2002 | 102. क्या ग्राम्य विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के प्रत्येक जनपद में विकास कार्यों का चयन क्षेत्रीय विधायक की संस्तुति पर किये जाने का प्रस्ताव शासन के विचाराधीन है? यदि हाँ, तो यह व्यवस्था कब तक लागू हो जायेगी? यदि नही, तो क्यों? | ग्राम्य विकास |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>27.08.2002 | 103. क्या लोक निर्माण मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगी कि टेण्डर एडवाइज़री समिति में तकनीकी परामर्शदाता, लो.नि.वि. उत्तरांचल शासन पदनाम से पदधारक की अर्हताएं कर्त्तव्य एवं दायित्व क्या है तथा इस पद के सृजन एवं उस पर तैनाती का औचित्य क्या है? | लोक निर्माण |